न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– विकास पंचोली, आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या : 553/2020 दिनांक : – 11/9/2020

अनुवानी

राजस्थान सरकार बनाम ग्राम पं. सोनियाणा

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 एलआरए व नियम 58,59,60,66,86 एल.आर.एक्ट

–:: आदेश ::–

श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय राजस्थान अजमेर के पत्र दिनांक 22.07.2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार दिनांक 21.08.2020 को आयोजित रास्ता खोलो अभियान – 2020 के तहत ग्रामवासियान रामाखेड़ा प0ह0 सोनियाना द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम रामाखेड़ा में शमशान भूमि तक जाने वाला सार्वजनिक रास्ता मौके पर उपलब्ध किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त रास्ते कि किस्म बीड दर्ज है जिसे गेमु0 रास्ता दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर द्वारा प्रस्ताव तैयार कर अपने पत्रांक राजस्व/20/469 दिनांक 21.08.2020 से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें अंकन किया कि ग्राम रामाखेड़ा प0ह0 सोनियाना के शमशान भूमि तक जाने वाला सार्वजनिक रास्ता मौके पर उपलब्ध है किन्तु उक्त भूमि ग्राम रामाखेड़ा के चरागाह आराजी न0 1127 रकबा 7.40 हे0 राजस्व रेकार्ड में गेमु0 रास्ता दर्ज नही होकर किस्म बीड़ दर्ज है। उक्त भूमि आराजी न0 1127 रकबा 7.40 हे0 में से 0.05 हे0 भूमि कि किस्म गे0मु0रास्ता दर्ज किये जाने बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया। उक्त प्रस्तावित चरागाह भूमि की किस्म बीड़ के बजाय गे0मु0रास्ता किये जाने बाबत कोई सार्वजनिक आपत्ति जाहिर नही है, तथा ग्राम पंचायत सोनियाना को भी कोई आपत्ति नही है इस सम्बन्ध में मौका पर्चा, ग्राम पंचायत सोनियाणा का प्रस्ताव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न है।

अतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुये एवं तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर के पत्रांक राजस्व/20/469 दिनांक 21.08.2020 से की गई अनुशंषा के आधार पर ग्राम रामाखेड़ा पटवार हल्का सोनियाना में स्थित चरागाह आराजी नम्बर 1127 रकबा 7.40 हे0 किस्म बीड़ में से 0.05 हे0 भूमि की किस्म बीड़ के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार सहाड़ा उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन किया जाना सुनिश्चित करें एवं पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करें।

यह आदेश आज दिनांक 11/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.12 15:51:00 IST
Reason: SelfAttested

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर, भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner